प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड की चार लोकसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया का आज तीसरा दिन, सिंहभूम से आज एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा, अबतक हो चुके हैं तीन नामांकन।
- चुनाव आयोग के नेशनल आईकॉन भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने आज रांची में मतदाताओं से की मतदान करने की अपील।
- रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली कल, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सभा स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा, सुरक्षा के किए गए हैं पुख्ता इंतजाम।
- राज्य के सभी श्रेणी के विद्यालयों के समय–सारणी में बदलाव, 22 अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट में होंगी कक्षाएं, प्रार्थना सभा पर भी रोक, शिक्षा विभाग ने हीट वेव को लेकर जारी किया आदेश।
- रांची में यूथ फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व अंतराराष्ट्रीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महिला फुटबॉल खिलाड़ियों से की मुलाकात, कहा– शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में करेंगे सहयोग।

********************

झारखंड में चौथे चरण में पलामू, खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए आज एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इससे पहले एक और प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। जबकि खूंटी लोकसभा सीट के लिए एक प्रत्याशी ने अब तक नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए अभी तक एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख पच्चीस अप्रैल है।

********************

चुनाव आयोग के नेशनल आईकॉन और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने आज रांची में मतदाताओं से हर हालत में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक–एक वोट का महत्व है। ऐसे में आप अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें।

********************

राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की उलगुलान महारैली कल आय़ोजित होगी। इस महारैली को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राजद के लालू प्रसाद यादव, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, आम आदमी पार्टी की सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान समेत कई नेता संबोधित करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज सभा स्थल पहुंचकर महारैली की तैयारियों का जायजा लिया। इधर, इस महारैली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दो हजार से ज्यादा अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है।

********************

ईडी की विशेष अदालत ने मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम समेत पांच आरोपियों की न्यायिक अवधि चार मई तक बढ़ा दी है। आज बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, रांची से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इनकी पेशी अदालत में हुई।

********************

दुमका के उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने आज लोकसभा चुनाव को लेकर दुमका तथा मसलिया प्रखंड के दो सौ छियासी 286 मतदान केंद्रों में उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं, मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए की गयी परिवहन व्यवस्था आदि की समीक्षा की।

********************

राज्य में शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरुकता अभियान जोर–शोर से चल रहा है। इस सिलसिले में आज जामताड़ा जिला स्वीप कोषांग द्वारा करमाटांड और नाला प्रखंड में मतदाताओं के लिए मेहन्दी, रंगोली और भाषण प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आय़ोजित किए गए। वहीं गिरिडीह के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वहीं, लोहरदगा जिले के कुडू, किस्को और कैरो प्रखंड में भी मतदाता जागरुकता को लेकर विशेष बैठक का आयोजन हुआ. इस मौके पर सखी मंडल की ओर से मतदाताओं को वोटिंग से संबंधित जानकारी दी गई।

********************

शिक्षा विभाग ने अत्याधिक गर्मी को देखते हुए सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त औऱ निजी विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव किया है। बाइस अप्रैल से अगले आदेश तक सभी कोटे के विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं सवेरे आठ से साढ़े ग्यारह बजे और कक्षा नौ से ऊपर की कक्षाएं बारह बजे तक चलेगी। इस दौरान प्रार्थना सभा, खेल और अन्य गतिविधियां धूप में आयो़जित नहीं होगी।

********************

पलामू में गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की मांग में भी तेजी आई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने आज सरस कुंज में रह रहे बच्चों और बुजुर्गों से मुलाकात कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और जरुरतों की जानकारी ली। उपायुक्त ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले यहां के दिव्यांग विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

********************

पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर आज अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ रांची के ओरमांझी में यूथ फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर यहां की प्रतिभावान महिला फुटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। हमारा फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन को इस क्षेत्र में पूरा सहयोग करेगा।

********************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम और बिरसा खंडाईल को हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।
- रामगढ़ जिला के सयाल थाना क्षेत्र में एक देसी पिस्टल, देसी कट्टा और कारतूस के साथ दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।
- पाकुड़ के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की. उन्होंने इस दिशा में अधिकारियों और कोल कंपनियों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।
- राजधानी रांची के कांके स्थित पुलिस उपाधीक्षक निशा मुर्मु के आवास में आज आग लगने से लाखों रूपये की संपति का नुकसान हुआ है।

********************

गुमला जिले के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर–16 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रांची ने पश्चिमी सिंहभूम पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। पश्चिमी सिंहभूम की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए एक सौ सैंतीस रनों पर सिमट गई। इस लक्ष्य को रांची ने चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

********************

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट, अंशु मलिक, रीतिका और मानसी ने एशियाई ओंलिपिक क्वालिफायर के सेमीफाईनल में जगह बना ली है। क्रिगिस्तान के बिशकेक में आयोजित इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में विनेश ने कम्बोडिया की समानांग डीट, अंशु मलिक ने क्रिगिस्तान की कलमिरा बिलिम्ब ऐकोवा, रीतिका ने चीन की जुवानवांग और मानसी ने क्रिगिस्तान की इरिना कुजनेतसोवा को पराजित किया।

*******समाप्त*******